**STD: X**
*(3 hours)*

**DATE: 18 / 01 / 19**
**MARKS: 80**

# HINDI

*(Second Language)*
*(Three hours)*

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 15minutes.*

*This time is to be spentinreading the question paper.*

*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*

*This paper comprises two Sections – Section A and Section B.*

*Attempt all the questions from Section A.*

*Attempt any four questions from Section B, answering atleast one question each from the two books you have studied and any two other questions from the same books that you have chosen.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

## SECTION A (40 Marks)

*Attempt all question*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately 250 words on any **one** of the following topics :— [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिये:-

**(i)** बढ़ती हुई महँगाई के कारण कौन - कौन सी परेशानियाँ उत्पन्न हो रही हैं यदि इनका शीघ्र समाधान न मिला तो इसका परिणाम क्या हो सकता है इस पर अपने विचार लिखिए |

**(ii)** जी. एस .टी. एक अप्रत्यक्ष टैक्स है जो कि सरकार दवारा व्यक्ति या किसी संस्थान से वस्तुओं व सेवाओं पर लिया जाता है|जी. एस. टी.के लाभ और हानि पर अपने विचार लिखिए |

**(iii)** घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाना एक नैतिक कर्तव्य है,एक ऐसे ही कर्तव्य का वर्णन कीजिए जिसका पालन आपने किया हो |

**(iv)** एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित कथन हो -" विनाशकाले विपरीत बुद्धि |"



Scanned by CamScanner

(v) प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए |



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately 120 words on any one of the topics given below:- **[7]**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिये :-

(i) आप अपने विद्यालय के 'साक्षरता अभियान' दल के नेता है |(Literacy Programme) आप अपने मोहल्ले में एक माह तक गरीब बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से यह योजना चलाना चाहते हैं | अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को इसकी स्वीकृति के लिए एक पत्र लिखिए | इस पत्र में अपने कार्यक्रम की रूपरेखा दीजिए और बताइए कि आप इस योजना से क्या प्राप्त करने की आशा रखते हैं |

(ii) आपके विद्यालय में कुछ अतिथी आए थे, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी आपको सौंपी गयी थी | अपनी माताजी को पत्र लिखकर बताइए की वे अतिथी विद्यालय में क्यों आए थे और आपने उनके लिए क्या-क्या किया |

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नो के उत्तर हिन्दी में लिखिए | उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :-

किसी वन में एक ऋषि का आश्रम था | ऋषि अत्यंत वृद्ध हो गए थे | परलोक गमन का समय निकट आता देख, उन्हें यह चिंता सताने लगी कि उनके बाद आश्रम की ज़िम्मेदारी कौन सँभालेगा ? यूँ तो उनके एक से-बढ़कर-एक शिष्य थे, जिनमें संजय, मत्युंजय, धनंजय तथा दिवाकर नामक शिष्य



Scanned by CamScanner

अत्यंत विद्वान थे | ऋषि ने इन्हीं चारों में से किसी एक को गुरुपद सौंपना चाहा, लेकिन गुरु जैसे सर्वोच्च पद के लिए केवल वेदशास्त्रों का ज्ञान और कला -कौशल ही काफी नहीं बल्कि कुछ परोक्ष सद्गुणों का ज्ञान और कला-कौशल की भी आवश्यकता होती है | यह सोचकर ऋषिवर ने अपने चारों शिष्यों की परीक्षा लेनी चाही | उन्होंने चारों शिष्यों को अपनी इच्छा से अवगत कराकर कहा -"पुत्रों! मैं तुम चारों से केवल एक प्रश्न करूँगा जिसका उत्तर संतुष्टिकारक होगा, वही गुरुपद का अधिकारी होगा |

शिष्यों ने समवेत स्वर में कहा -"प्रश्न पूछने की कृपा कीजिए गुरुदेव!"

ऋषि ने कहा - "यदि भगवान तुम लोगों को दर्शन देकर वर माँगने को कहें तो क्या माँगोगे ?"

संजय बोला -"गुरुदेव ! मैं तो संसार की समस्त विद्याओं को प्राप्त करने का वर माँगूँगा ,ताकि मुझसे बड़ा कोई पंडित न हो सके |"

मत्युंजय बोला -" गुरुवर! मैं समस्त दिव्यास्त्रों की माँग करूँगा,ताकि विश्व का सबसे शक्तिशाली पुरूष मैं ही कहलाऊँ |"

धनजंय बोला -" विद्यादाता! मैं तो ईश्वर से विपुल धन संपदा माँगूँगा, जिससे मेरा और मेरी भावी पीढ़ी का जीवन ऐश्वर्य से सुखपूर्वक बीते |"

दिवाकर कुछ क्षण चुप रहा | फिर ऋषि को प्रणाम कर उसने कहा, "आचार्य श्रेष्ठ! मैं तो आजीवन ईश्वर की भक्ति, गुरु की भक्ति तथा आत्मसंतोष का वर माँगूँगा | इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं |"

दिवाकर का उत्तर सुनकर ऋषिवर गदगद हो उठे और उसे गले लगाकर बोले,"वत्स! तू ही मेरा सर्वश्रेष्ठ शिष्य है | गुरुपद पर तू ही शोभित हो सकता है | तेरा कल्याण हो | यशस्वी भव!" यह कहकर ऋषि ने दिवाकर को आश्रम का भावी गुरु बना दिया |.

श्रेष्ठ पुरूष वही है, जो अपनी उन्नति के साथ -साथ सभी की उन्नति की कामना करे |

**(i)** परलोक गमन का समय आने पर गुरु को क्या चिंता हुई और क्यों ? [2]

**(ii)** गुरु के प्रमुख शिष्य कौन -कौन थे तथा ऋषि ने शिष्यों से क्या प्रश्न पूछा ? [2]

**(iii)** पहले और दूसरे शिष्य ने गुरु के प्रश्न का क्या उत्तर दिया ? [2]

**(iv)** तीसरे और चौथे शिष्य ने गुरु के प्रश्न का क्या उत्तर दिया ? [2]

**(v)** गुरु को किसका उत्तर सर्वोत्तम लगा और क्यों ? इससे आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

**(i)** निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- [1]

अग्नि , विघ्न , दरिद्र

**(ii)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- [1]

अंधकार, एकता, देव, नश्वर

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.



Scanned by CamScanner

(iii) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए :- [1]

विज्ञान , परिश्रम

(iv) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए :- [1]

टस से मस न होना, हथेली पर सरसों जमाना |

(v) निम्नलिखित वाक्य का शुदध रूप लिखिए:- [1]

महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेगा |

(vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :-

(a) प्रदीप बुरा व्यक्ति नहीं है | (विना अर्थ वदले 'नहीं'को हटाइए |) [1]

(b) सौम्या निबंध लिख रही है | (अपूर्ण भूतकाल में वदलिए |) [1]

(c) देखनेवालों ने नाटक बहुत पसंद किया |

(रेखांकित शब्दों के लिए एक शव्द लिखकर वाक्य को पुन :लिखिए |) [1]

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, ... Utsav,
Thakur Vill..., Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

## SECTION B (40 Marks)

*Questions from only two of the following textbooks are to be answered.*

*Attempt four questions from this Section.*

*You must answer atleast one question from each of the two books you have Studied and any two other questions from the same books that you have chosen.*

### साहित्य सागर—संक्षिप्त कहानियाँ

**(Sahitya Sagar—ShortStories)**

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

" दो घंटे वाद प्रफुल्ल मन से श्यामू और भोला अँधेरी कोठरी में बैठे-बैठे पतंग में रस्सी बाँध रहे थे | अकस्मात् शुभ कार्य में विघ्न की तरह उग्र रूप धारण किए हुए विश्वेश्वर वहाँ आ घुसे |"

['काकी' -सियारामशरण गुप्त]

[Kaki -Siyaramsharan Gupt]

(i) श्यामू और भोला प्रफुल्ल मन से पतंग में रस्सी क्यों बाँध रहे थे? [2]

(ii) इन दोनों में समझदार कौन था और कैसे ? [2]

(iii) इनके शुभ कार्य में विघ्न किसने डाला और कैसे ? [3]

(iv) इस कहानी में क्या समझाने का प्रयास किया गया है ? स्पष्ट कीजिए | [3]



Scanned by CamScanner

## Question 6

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

" यहाँ तो मेरा और तुम्हारा मतभेद है | जीवन के लघुदीप को अनंत की धारा में बहा देने का यह संकेत है | आह! कितनी सुन्दर कल्पना | कहकर मोहनबाबू जैसे उच्छ्वासित हो उठे | उनकी शारीरिक चेतना मानसिक अनुभूति से मिलकर उत्तेजित हो उठी |"

['संदेह' -जयशंकर प्रसाद]

[Sandeh -Jaishankar prasad]

(i) यह कथन किसका है और किससे तथा किस संदर्भ में कहा गया है? [2]

(ii) वक्ता और श्रोता इस समय कहाँ पर हैं? [2]

(iii) वक्ता ने अपने हृदय की वेदना को क्या कहकर प्रकट किया? [3]

(iv) श्रोता ने क्या कहकर उसे चुप कराया? [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

" वह काम तो तेरे लिए छोड़ दिया | मैं चली जाऊँगी तो जल्दी से सारी दुनिया का कल्याण करने के लिए झंडा लेकर निकल पड़ना |"

['दो कलाकार' -मन्नू भंडारी]

[Do Kalakar -Mannu Bhandari]

(i) यहाँ कौन किससे कह रहा है ? यह व्यंग्य उसने क्यों किया ? [2]

(ii) वक्ता कहाँ जाने की बात कर रहा है ? क्यों ? [2]

(iii) तीन दिन से क्या हो रहा था ? श्रोता ने इस घड़ी में क्या किया ? [3]

(iv) दो कलाकार कहानी का उद्देश्य लिखिए | [3]

AMRI[illegible] DEPOT
Shop No. 1, [illegible] Utsav,
Thak[illegible] (E),
[illegible]
Mob. [illegible]



Scanned by CamScanner

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"धर्मराज यह भूमि किसी की
नहीं क्रीत है दासी
है जन्मना समान परस्पर
इसके सभी निवासी |
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए
सबके मुक्त समीरण
बाधा रहित विकास, मुक्त
आशंकाओं से जीवन |"

['स्वर्ग बना सकते हैं' -रामधारी सिंह 'दिनकर']
[Swarg Bana Sakte Hain -Ramdhari Singh 'Dinkar']

(i) धर्मराज कहकर किसे संबोधित किया जा रहा है और उन्हें क्या समझाने का प्रयास किया जा रहा है ? [2]
(ii) धरती पर रहने वाले सभी एक बराबर कैसे हैं ? स्पष्ट कीजिए | [2]
(iii) इसके निवासियों को क्या-क्या चाहिए ? समझाइए | [3]
(iv) प्रस्तुत कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए | [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"ऊँचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले पड़ नित सिंधु झूमता है |
गंगा, यमुना,त्रिवेणी नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली पग-पग पर छहर रही हैं |
वह पुण्य भूमि मेरी, वह स्वर्ण भूमि मेरी |
वह जन्मभूमि मेरी,वह मातृभूमि मेरी |"

['वह जन्मभूमि मेरी' -सोहनलाल दविवेदी]
[Vah Janmbhoomi Meri-Sohan Lal Dwivedi]

(i) हिमालय पर्वत और सिंधु इनका वर्णन किस आशय से किया गया है ? [2]
(ii) त्रिवेणी से आप क्या समझते हैं ? यह कहाँ पर है ? [2]
(iii) पुण्यभूमि और स्वर्णभूमि से कवि का क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए | [3]
(iv) कवि ने इसे जन्मभूमि और मातृभूमि क्यों कहा है ? स्पष्ट कीजिए | [3]



Scanned by CamScanner

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

"जसोदा हरि पालने झुलावै |
हलरावै ,दुलराई मल्हावै ,जोइ -सोइ कछु गावै ||
मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुवावै |
तू काहे नहिं वेगहिं आवै, तोको कान्ह बुलावै ||
कबहुँ पलक हरि मूँदि लेत हैं, कबहुँ अधर फरकावै |
सोवत जानि मौन है कै रहि ,करि- करि सैन बतावै ||
इहिं अंतर अकुलाइ उठे हरि, जसुमति मधुरै गावै |
जो सुख 'सूर' अमर मुनि दुरलभ, सो नँद भामिनी पावै ||"

['सूर के पद' - सूरदास]
[Sur Ke Pad- Surdas]

(i) यशोदा बालक कृष्ण को सुलाने के लिए क्या -क्या यत्न कर रही है ? [2]
(ii) 'कबहुँ पलक हरि मूँदि लेत हैं,कबहुँ अधर फरकावै' - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए | [2]
(iii) माता यशोदा संकेत के माध्यम से लोगों से क्या कहना चाहती हैं और क्यों ? [3]
(iv) माता यशोदा के सुख की तुलना किससे की गई है और क्यों ? [3]

## एकांकी-संचय
## [Ekanki Sanchay]

**Question 11**
Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:-
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"कभी-कभी चोट भी मरहम का काम कर जाती है, बेटा।अरे, खड़ी-खड़ी हमारा मुँह क्या ताक रही हो? अंदर जाकर तैयारी क्यों नहीं करतीं? बहू की विदा नहीं करनी है क्या?"

[बहू की विदा - विनोद रस्तोगी]
[Bahu ki Vida – Vinod Rastogi]

**(i)** यहाँ 'बेटा' शब्द का संबोधन किसके लिए हुआ है? वह इस समय कहाँ और क्यों है? स्पष्ट कीजिए। [2]
**(ii)** वक्ता का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ? [2]
**(iii)** 'बहू की विदा' एकांकी का उद्देश्य लिखिए। [3]
**(iv)** क्या स्त्री शिक्षा दहेज प्रथा को समाप्त करने में सहायक हो सकती है? अपने विचार दीजिए। [3]



Scanned by CamScanner

**Question 12**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"मेरे बहादुर साथियों! तुम देख रहे हो कि हमारे सामने यह कौन-सी इमारत बनाई गई है?"

[ मातृभूमि - हरिकृष्ण 'प्रेमी' ]

[Matri Bhoomi ka Man – Hari Krishna 'Premi']

(i) उपर्युक्त कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) वक्ता ने अपने साथियों से क्या प्रतिज्ञा करने को कहा? [2]

(iii) वक्ता का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट करते हुए बताइए कि आज देश को वीरसिंह जैसे वीरों के बलिदान से क्या प्रेरणा मिलती है? अपने विचार दीजिए। [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"दादाजी, आप पेड़ से किसी डाली का टूटकर अलग होना पसंद नहीं करते, पर क्या आप यह चाहेंगे कि पेड़ से लगी-लगी वह डाल सूखकर मुरझा जाय...।"

[सूखी डाली - उपेन्द्रनाथ 'अश्क']

[Sookhi Dali – Upendra Nath 'Ashk']

(i) उपर्युक्त कथन कौन, किससे क्यों कह रहा है? [2]

(ii) 'डाल' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है और उसके सूखने का क्या कारण है? [2]

(iii) एकांकी के आधार पर श्रोता का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

(iv) परिवार के स्वस्थ वातावरण के लिए किन-किन बातों की आवश्यकता है? [3]

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.



Scanned by CamScanner